राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत

पोसोको कार्यालय मे दिनांक 14.02.2012 को अपरान्ह 12.00 बजे राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक हुई जिसमे पोसोको कार्यालय व राष्टीय भार प्रेषण केन्द्र के निम्नलिखित अधिकारियों ने भाग लिया।

राजभाषा कार्यांवयन समिति के सदस्य

श्री एस के सोनी, मु.कार्यपालक अधिकारी, अध्यक्ष
श्री वी के अग्रवाल, महाप्रबंधक

श्री अवधेश मनि, सदस्य

श्री एस एस प्रसाद, सदस्य
श्री आर के बंसल , सदस्य
श्री राजेन्द्र पिपलोनिया, सदस्य

श्री एस आर नरसिम्हन,

श्रीमति मीनाक्षी गर्ग, सदस्या
श्री एस बडपंडा, सदस्य
श्री एस सी सक्सैना, सदस्य

श्री ए सेनशर्मा, मु.प्रबंधक, सदस्य

श्री अनिल मेहता, कार्यपालक सचिव(मा.सं)

श्री सुरेश कोहली, व. स.ज.अ.(नो.अ)

1.0 सर्वप्रथम श्री शिव शंकर प्रसाद, अपर महाप्रबंधक(मानव संसाधन विभाग) ने अध्यक्ष महोदय व सभी सदस्यों का राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में पधारने पर हार्दिक स्वागत किया ।

2.0 श्री शिव शंकर प्रसाद, अपर महाप्रबंधक ने यह सुझाव दिया कि प्रत्येक वर्ष में कम से कम चार कार्यशालाओं का आयोजन होना चाहिए । अध्यक्ष महोदय ने इस सुझाव पर कहा कि वर्ष में चार से अधिक कार्यशालाओं के आयोजन का भी स्वागत होना चाहिए।

3.0 हिन्दी पुस्तकालय के लिए हिन्दी किताबों की खरीद पर सुझाव मांगे गए तो श्री आर के बंसल ने यह सुझाव दिया कि हिन्दी किताबों के साथ-साथ हिन्दी की मेगजींस साप्ताहिक, अर्धमासिक, व मासिक आधार पर जो आती हैं उन्हें खरीदा जाए । इस सुझाव का श्री वी के अग्रवाल, महाप्रबंधक ने भी स्वागत किया । हिन्दी किताबों की खरीद पर कितना व्यय किया जाए इस संबध में सभी सदस्यों ने दस हजार रुपये की किताबों की खरीद पर अपना मत दिया साथ ही यह भी कहा कि सभी कार्मिकों से 21 फरवरी 2012 तक सुझाव मांगे जाँए और तत्पश्चात उन सुझावों को ध्यान रखते हुए अगली मीटिंग में इस पर विचार-विमर्श करने के बाद किताबों की खरीद की जाए।

4.0 सभी प्रकार के बैनर व विज्ञापन हिन्दी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं में बनवाने पर अध्यक्ष महोदय ने कहा कि इसका दृढता से पालन होना चाहिए।

5.0 श्री वी वी शर्मा, महाप्रबंधक के उतरी क्षेत्रीय भार प्रेषण केन्द्र में स्थानातरित हो जाने पर श्री वी के अग्रवाल, महाप्रबंधक(रा.भा.प्रे.के) को राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य के लिए मनोनीत किया गया।

6.0 श्री वी सेतुरमन, उपमहाप्रबंधक(वित्त) के उतरी क्षेत्रीय भार प्रेषण केन्द्र में स्थानातरित हो जाने पर श्री अनिल चडडा, उपमहाप्रबंधक(वित्त) को राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य के लिए मनोनीत किया गया।

7.0 राजभाषा हिन्दी में कार्य करने के लिए कार्मिकों को प्रोत्साहित करने हेतु पावरग्रिड कारपोरेशन की तरह पोसोको/राष्टीय भार प्रेषण केन्द्र व सभी क्षेत्रीय भार प्रेषण केन्द्रों में

पुरस्कार की राशि एक जैसी हो, इस सुझाव का सभी सदस्यों ने अनुमोदन किया । पुरस्कार की राशि का ब्यौरा पावरग्रिड के हिन्दी विभाग से मंगवा कर परिपत्र के द्‌वारा सभी क्षेत्रीय भार प्रेषण केन्द्रों को अवगत करवा दिया जाएगा।

8.0 अध्यक्ष महोदय ने यह भी कहा कि हिन्दी मे किए जाने वाले कार्यों(आज का शब्द, विचार, बैठक के लिए सुझाई गई तारीख) व कार्यवृत को ई मेल के द्‌वारा सभी सदस्यों को भेजा जाए ।

9.0 अत: मैं अपर महाप्रबंधक(मा.सं) ने राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में आने पर अध्यक्ष महोदय व अन्य सभी सदस्यों को हार्दिक धन्यवाद दिया।

अवलोकानार्थ प्रस्तुत है।

15/2/12

(अनिल मेहता)

कार्यपालक सचिव(मा.सं)

अपर महाप्रबंधक(मा.सं) 15/2

महाप्रबंधक(रा.भा.प्रे.के.) 15.2.2012

मुख्य कार्यपालक अधिकारी(पोसोको) 15/2/12

कापी: श्री आई आर किदवई, कार्यपालक निदेशक(मानव संसाधन विभाग), पावरग्रिड, गुडगांव

श्री मेहता 15/2